भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 29.04.2025

## आरेडिका में माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद राहुल गाँधी का दौरा

माननीय नेता प्रतिपक्ष एवं सांसद रायबरेली राहुल गाँधी तथा माननीय सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा ने दिनांक–29.04.2025 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली का दौरा किया। श्री गाँधी ने आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ फैक्ट्री परिसर का दौरा किया।

दौरे के दौरान आरेडिका प्रशासन के द्वारा फैक्ट्री में उत्पादित होने वाले व्हीलों तथा विभिन्न कोचों जैसे स्लीपर, एसी3 इकोनॉमिक, एसी पेन्ट्रीकार, नॉन एसी चेयरकार, तेजस, राजधानी, भारत गौरव, वन्देभारत शेल प्रोटोटाइप आदि के निर्माण के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

श्री गांधी ने कारखाने में कोच उत्पादन की प्रक्रिया को देखा एवं कोचों की गुणवत्ता को देख कर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने आमजन के उपयोग में होने वाले सामान्य कोच (दीन दयालु कोच) तथा स्लीपर कोच को देखा और कोच के अंदर आमजन की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए किये गये सुधारों जैसे सीट एंड बर्थ, स्लाइडिंग विंडो डोर, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, कुशन युक्त लगेज रैक जो आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सीट के रूप में यात्रा के लिए भी उपयोग हो सके, एफआरपी पैनल, माडयूलर टॉयलेट आदि का देखा।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य इंजीनियर सत्य प्रकाश यादव, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सर्तकता अधिकारी अकमल वदूद, सहित वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

29.4.2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी